01 JUIY janj PG-01_Layout 1 7/1/2024 10:40 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 जुलाई 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 बरसात में फिर डूबेगा जमड़ी नाला का जर्जर पुल, आवागमन होगा बाधित



## मुलमुला में सड़क दुर्घटना व चांपा में मारपीट से खुला खाता, सक्ती में भी मारपीट की पहली कायमी

# नया कानून लागू, बदली धाराओं के तहत मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देश भर में लागू हुए तीन कानूनों के तहत सोमवार 1 जुलाई को जांजगीर चांपा जिले के चांपा व मुलमुला थाने में पहली कायमी हुई। मुलमुला में सड़क दुर्घटना व चांपा में मारपीट का मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा सक्ती में भी मारपीट की पहली कायमी हुई। इन सभी में भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

गौरतलब है कि देश भर में तीन नए कानून लागू किए गए है। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम सोमवार 1 जुलाई से लागू हुआ है। इसी कड़ी में पुलिस थानों में पहली कार्रवाई नए कानून के अनुसार दर्ज की गई। इस दौरान मुलमुला थाने में सडक दुर्घटना का पहला मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा मारपीट के अपराध भी पंजीबद्ध किए गए है। मुलमुला में तेजी एवं लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए करूमहू निवासी शांतिलाल मरकाम को चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 281, 125 ए, बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया। इसी के तहत यहां गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर मारपीट के मामले में प्रार्थी सनत कुमार प्रजापति की रिपोर्ट पर आरोपी विनोद गोंड़, राजेन्द्र गोंड़, कार्तिक गोंड़ के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 115/3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया। इसी प्रकार चांपा थाना में मारपीट का पहला अपराध पजीबद्ध किया गया है। जिसमें प्रार्थी रामकुमार वैष्णव की रिपोर्ट में धनसाय उर्फ नानू केंवट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 115 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी धनसाय शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था। इस दौरान मोहल्ले के रामकुमार वैष्णव ने उसे मना किया तो वह गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा और कैंची से उसे चोट भी पहुंचाया। पुलिस भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध कायम कर विवेचना कर रही है।



नए कानून की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला।

### नए कानून के संबंध में थाना बाराद्वार में मनाया गया उत्सव

**बाराद्वार।** सोमवार 1 जुलाई से पूरे भारत में 03 नए कानून 01. भारतीय न्याय संहिता 02. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा 03. भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहा है, इसी के उपलक्ष में शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के थाने में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में थाना बाराद्वार में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विजय सूर्यवंशी उपाध्यक्ष नगर पंचायत, संतोष राठौर मंडल अध्यक्ष भाजपा, नेता प्रतिपक्ष दीपक ठाकुर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को नए कानून के प्रावधानों के संबंध में नवपदस्थ नगर निरीक्षक राजेश खलखो ने विस्तार से जानकारी दिया गया। नेता प्रतिपक्ष दीपक ठाकुर ने नवपदस्थ नगर निरीक्षक राजेश खलखो का स्वागत नगर पंचायत एवं प्रेस क्लब की ओर से किया तथा नये भारत न्याय संहिता के बारे में भी जानकारी दी। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### नवीन कानून के क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

**अकलतरा।** तीन नए कानून के संबंध में नगर वासियों को जानकारी प्रदान करने के लिए पुलिस थाना में तहसीलदार प्रियंका बंजारा लोक अभियोजक तुषार मिश्रा एवं थाना प्रभारी मणिकांत पांडे की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोग अभियोजक तुषार मिश्रा ने बताया कि 1 जुलाई से नवीन आपराधिक कानून 2023 लागू हो रहे हैं, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस के समस्त अधिकारी,कर्मचारी पूरी तरह से प्रशिक्षित हैं। आमजन भी इस संबंध में जागरूक रहे इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने इसका प्रचार प्रसार करने के दिशा-निर्देश दिये हैं। तीनों नवीन कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम आम जनता के हितों

### एसपी ने किया नवीन कानूनों के क्रियान्वयन उत्सव का शुभारंभ

चांपा। जिला पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा नए कानूनों के क्रियान्वयन उत्सव जिले के सभी थाना व चौकी में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। चांपा में आयोजित कार्यक्रम में एसपी विवेक शुक्ला ने नवीन कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता का उद्धेश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि मॉब लिचिंग, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (2) में एक नया प्रावधान है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि जब पांच या इससे अधिक ब्यक्तियों का समूह मिलकर नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्गित, विश्वास या किसी अन्य आधार पर हत्या करता है तो समूह के प्रत्येक सदस्य को मृत्यूदंड या आजीवन कारावास का दण्ड होगा और जुर्माना भी देना होगा जिसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसी प्रकार जिले के समस्त थाना एवं चौकी में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### नवीन कानून का अध्ययन व परिपालन हो सुनिश्चित



**सक्ती।** नवीन कानून 2023 को लेकर थाना सक्ती में उत्सव_ जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने कहा कि नवीन कानून में भागवत गीता के श्लोक परित्राणाय साधुनाम की झलक है। एएसपी रमा पटेल ने कहा कि न्यायालय नवीन कानून से सशंकित होने के बजाय उसका अध्ययन कर परिपालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने तीनों नए कानून की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता व पत्रकारों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनसंवाद कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ हुआ। उसके पश्चात उद्यान में सम्मानित अतिथियों ने पौधरोपण किया।

### नए कानून की दी गई विस्तृत जानकारी



**पामगढ़।** नया कानून पर सोमवार 1 जुलाई को पुलिस थाना पामगढ़ ने जनपद पंचायत सभापक्ष पामगढ़ में कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि अब तक हत्या के आरोप में 302 के तहत कार्रवाई होती थी लेकिन अब इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 ए के तहत कार्रवाई होगी। ऐसे ही धोखाधड़ी करने वालों पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज होता था इसमें भी अब बदलाव किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 कर दिया गया है ,इसी तरह सामूहिक हत्या में पहले कोई धारा नहीं थी लेकिन अब मॉब लीचिंग के तहत फांसी की सजा दी सजा सकेगी। इसी तरह दुष्कर्म के लिए 376 की जगह 64 बीएस लगाई गई जाएगी।आईपीसी 1960 की 511 धारा थी जिन्हें अब नए कानून भारतीय न्याय संहिता में घटाकर 358 कर दिया गया है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

## अनुपस्थित शिक्षकों पर नोटिस जारी करने बीईओ को दिए निर्देश

**हसौद।** हसौद तहसीलदार ने तहसील क्षेत्र के अंतिम छोर स्थित विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अनुपस्थित शिक्षकों पर नोटिस जारी करने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि सक्ती कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनों के निर्देशन पर हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल ने 1 जुलाई सोमवार को हसौद तहसील क्षेत्र के अंतिम छोर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेंन्दरी व हायर सेकेंडरी स्कूल परसाडीह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेंन्दरी में स्कूल के प्राचार्य समेत दो शिक्षक अनुपस्थित मिले इसके साथ ही परसाडीह के हायर सेकेंडरी स्कूल में भी दो शिक्षक अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले शिक्षकों पर नोटिस जारी करने तहसीलदार ने जैजैपुर खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने अध्ययन, अध्यापन, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति समेत विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों को बांटे गए पुस्तक व गणवेश वितरण वितरण का जायजा लेकर सेंन्दरी स्कूल के विद्यार्थियों को गणित व हिंदी का पाठ पढ़ाया। निरीक्षण के लिए स्कूल पहुंचे तहसीलदार को देखकर शिक्षक सहम से गए, तहसीलदार ने विद्यालय के कमरे, पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई, कक्षाओं में बैठक व्यवस्था को बारीकी से परखा और शिक्षकों को निर्धारित समय में स्कूल पहुंचने निर्देशित कर अनुपस्थित शिक्षकों पर नोटिस जारी करने जैजैपुर बीईओ को निर्देश दिये।


बैठक में दिशा निर्देश देते अफसर ।

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## खबर संक्षेप

### जांजगीर चांपा के पूर्व कलेक्टर सोनमणि बोरा बने जिले के प्रभारी सचिव

**जांजगीर-चांपा।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को जिलों का प्रभार, राज्य सरकार ने जिलों के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए है राज्य सरकार अब सरकार योजना के क्रियान्वयन के देख रेख में विकास की नई आयाम को जिला वार प्रभारी सचिव नयुक्त किए गए है। जिसमे सोणमणि बोरा जांजगीर चांपा की जिम्मेदारी दी गयी है जो पूर्व में जिला कलेक्टर की जिम्मेदारी भी निभा चुके है।

### अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए निःशुल्क शारीरिक पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय सेना में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलो के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक आयोजित होने की संभावना है। इस जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक संख्या में लाभ प्राप्त हो इस उद्देश्य से निशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। अतः अग्निवीर भर्ती हेतु ली गई ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण युवा जो निशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण में शामिल होना चाहते है वे अपना पंजीयन 30 जुलाई तक जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा में उपस्थित होकर करा सकते है।

### गंगाराम को मिली ट्रायसायकल जनदर्शन में किया था आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने तेंदूभाठा से आए दिव्यांग गंगाराम सूर्यवंशी के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिए। जनदर्शन के बाद कलेक्टर श्री छिकारा ने अपने हाथों से ट्रायसाइकल प्रदान की, जिसे पाकर गंगाराम की पैरों की ताकत और बढ़ गई और उनकी मुस्कान से उनका परिवार खिल उठा। ग्राम पंचायत तेंदूभाठा के रहने वाले दिव्यांग गंगाराम पिता रामजी सूर्यवंशी ने हर सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन में लिखित आवेदन लेकर पहुंचे।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए 15 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत भवरमाल 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु सोनाईडीह, अमरुवा 2, देवरानी 2 पोडीशंकर 3, चारपारा, झरना 1, दारंग 2, खम्हिया, करनौद 4, सोनादह 2, गतवा 2, बोरसी 2, झरना 3, लछनपुर 2, दुरपा 4, बघौदा 2, सेमरिया 3, बम्हनीडीह 6, खपरीडीह 2, औराडीह, रोहदी, सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मूल्यांकन समिति द्वारा आवेदिकाओं द्वारा प्राप्त किये गये अंको के आधार पर प्रथम योग्यता सूची जारी किया गया है। जनसाधारण की जानकारी के लिए उक्त सूची पूर्व में प्रकाशित कर दिया गया है।

## 44 हजार 757 बच्चों की आंखों की जांच, 545 बच्चे को दृष्टिदोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पिछले शिक्षा सत्र के दौरान साल भर के भीतर 44 हजार 757 बच्चों के आंखों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान 545 बच्चे दृष्टि दोष से ग्रसित पाए गए वही इन सब के बावजूद कंप्यूटर मोबाइल एवं वीडियो गेम से बच्चों का मोह नहीं छूट पा रहा है। जिसके चलते अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर उनकी टीम द्वारा पिछले शिक्षा सत्र के दौरान साल भर के भीतर विभिन्न स्कूलों एवं जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य सेंट्रो के माध्यम से बच्चों के आंखों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान करीब 44 हजार 757 बच्चों के आंखों की जांच पड़ताल की गई। इस जांच के दौरान 545 बच्चे दृष्टि दोष से प्रभावित पाए गए इसके बाद भी मोबाइल टीवी कंप्यूटर वीडियो गेम से बच्चे बाहर नहीं आप आ रहे हैं। इस तरह के समस्या शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में बनी हुई है। खासकर चार से 10 वर्ष के बच्चों में इस तरह की समस्या ज्यादा बनी हुई है। इसके अलावा इस प्रकार की दिक्कतें मिडिल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों में भी बनी हुई है स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा हर साल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की आंखों की जांच के लिए जिला अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित स्कूलों में शिविर लगाकर भी आंखों की जांच पड़ताल की जाती है ताकि बच्चे दूर दृष्टि दोष एवं निकट दृष्टि दोष से प्रभावित तो नहीं है इसकी जानकारी मिल सके। खासकर कोविड-19 के दौर के बाद मोबाइल के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई लिखाई ऑनलाइन होती रही है। जिसके चलते भी मोबाइल का प्रचलन काफी बढ़ गया। हालांकि कोविड की परेशानी तो समाप्त हो गई, लेकिन आज भी बच्चे मोबाइल के आदि हो चुके हैं। इसके अलावा दिनभर मोबाइल चलाते रहने से मोबाइल फटने एवं इंटरनेट के ज्यादा टच में रहने से शरीर को भी काफी नुकसान होता है, लेकिन इस बात की जानकारी बच्चे तो क्या बड़े बुजुर्गों को भी नहीं रहती। ऐसे में नुकसान तो मोबाइल चलाने वालों का ही होता है।



**सतर्कता जरूरी**

विभाग के निर्देश के मुताबिक हर साल स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की आंखों की जांच पड़ताल की जाती है ज्यादा कंप्यूटर मोबाइल एवं वीडियो गेम का उपयोग करने से इसका असर आंखों पर पड़ता है इसे देखते हुए बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सतर्कता बरतनी चाहिए

-उत्कर्ष तिवारी, कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

### जनदर्शन में कुल 94 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में आमजनों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में बलौदा विकासखंड के ग्राम खिसोरा निवासी सोनाईचंद सोनवानी द्वारा राजस्व रिकार्ड दुरूस्तिकरण कराने, तहसील पामगढ़ के ग्राम लोहर्सी निवासी अरूण कौशिक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, तहसील नवागढ़ के ग्राम घुठिया की प्रतिभा द्विवेदी द्वारा अतिक्रमण हटवाने एवं नक्शा दुरूस्तिकरण कराने आदेशित किया।

## पंजीयन के लिए कतार...


**जांजगीर-चांपा।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में मौसम का मिजाज बदलने से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं इलाज कराने के पूर्व ओपीडी में पंजीयन कराने मरीज व उनके परिजनों की कतार लग रही है। फोटो : हरिभूमि

### भारतीय न्याय संहिता में बदलाव, थाना प्रभारी ने दी जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** 1 जुलाई सोमवार से भारतीय न्याय संहिता में एक बड़ा बदलाव हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बदलाव के तहत भारतीय न्याय संहिता में कई धाराएं बदल गई है। नया कानून पर आज पुलिस थाना सारागांव में कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी सावन सारथी ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। अब तक हत्या के आरोप में 302 के तहत कार्रवाई होती थी लेकिन अब इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 A के तहत कार्रवाई होगी , ऐसे ही धोखाधड़ी करने वालों पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज होता था इसमें भी अब बदलाव किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 कर दिया गया है।

## शास्त्री चौक में भजन कीर्तन करते हुए शांतिपूर्वक किया जाएगा धरना प्रदर्शन

# धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दल्हा पहाड़ की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल पर 18 जून को तोड़फोड़ करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व हिंदू समाज के द्वारा 30 जून को नगर के श्री राम कुटी मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि घटना के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर 2 जुलाई को शास्त्री चौक में भजन कीर्तन एवं धरना प्रदर्शन कर किया जाएगा।

अकलतरा क्षेत्र के दल्हा पहाड़ की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल पर 18 जून को तोड़फोड़ करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व हिंदू समाज के द्वारा 30 जून को नगर के श्री राम कुटी मंदिर में बैठक रखी गई थी। बैठक को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के बिहारीलाल ताम्रकार ओमप्रकाश साहू ,नरेंद्र साहू , उमाकांत भारते,रोहित सारथी ,सतनारायण साहू, पुरुषोत्तम नामदेव, ईश्वर साहू, छोटू कश्यप सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि दलहा पहाड़ में सनातन धर्म के के उपासना स्थल पर सामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई से सर्व हिंदू समाज आहत है। इस कुकृत्य के आरोपियों को जब तक पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं किया जाता है तब तक सनातन हिंदू समाज के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा प्रथम चरण में शास्त्री चौक पर भजन कीर्तन व शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में ओम प्रकाश साहू, विनोद द्विवेदी , गौरी रानी गुईन, समारू राम श्रीवास, सतीश निर्मलकर ,क्षितिज सिंह राजपूत, राजेश्वर मरकाम, रोहित रोहरा, आयुष शर्मा, पारस साहू एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बताया जाता है कि अकलतरा क्षेत्र के दल्हा पहाड़ की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल पर 18 जून को तोड़फोड़ करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व हिंदू समाज के द्वारा 30 जून को नगर के श्री राम कुटी मंदिर में बैठक रखी गई थी। जिसमें 2 जुलाई को शास्त्री चौक में भजन कीर्तन किया जाएगा। इसके अलावा 2 जुलाई को धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया जाएगा।



बैठक में चर्चा करते नगरवासी।

## मड़वा में किया गया 54 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा के व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क क्षय रोग जाँच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां 54 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर का शुभारंभ बलौदा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूके. तिवारी एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.आर.स्नेही के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता भरत गड़पाले द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गड़पाले ने औद्योगिक श्रमिकों से क्षय रोग परीक्षण कराने का अनुरोध किया। श्री गड़पाले ने बताया कि वह व्यक्ति जो 15 दिन से अधिक खांसी अपने कार्यक्षेत्र में कोल या राखड़ धूलकणों के संपर्क होने से एलर्जी या मौसम परिवर्तन या धूम्रपान को मान रहे हैं। इस शिविर में कुल 54 श्रमिकों ने स्वेच्छापूर्वक स्वास्थ्य जाँच एवं क्षय रोग परीक्षण कराया। नौ श्रमिकों से बलगम के नमूने टी.बी. के जीवाणु परीक्षण हेतु संग्रहित किए गए। कार्यक्रम में बलौदा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूके. तिवारी ने सघन टी.बी., कुष्ठ रोग, मोतियाबिन्द, सिकलसेल, दिव्यांगता और आयुष्मान कार्ड खोज अभियान की जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.आर.स्नेही ने अपने संबोधन में बताया कि एड्स, कुपोषण, सिलिकोसिस जैसे बीमारियों और गांजा, बीड़ी के धूम्रपान से रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, ऐसी स्थितियों में टीबी शीघ्र और अधिक उग्र रूप से व्यक्ति को रोगग्रस्त करता है जिससे अकाल मृत्यु की आशंका बढ़ जाती है। शिविर में सीएचसी. बलौदा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलराम रोहिदास के नेतृत्व में एमएलटी. आशीष व लक्ष्मीकांत और सीएचओ. शोभा व ज्योतिकमल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, बलगम की जाँच, नूमने का संग्रहण एवं उचित परामर्श दिया गया।


मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

## खबर संक्षेप


रोशनमय हुआ शबरी सेतु।

### स्ट्रीट लाइट के जलने से शबरी पुल हुआ रोशन, आवागमन में होगी सुविधा

**शिवरीनारायण।** शबरी पुल में लगे स्ट्रीट लाइट अब जलने लगे हैं। जिससे अब हादसे की आशंका कम हुई है। शबरी पुल में नगर पंचायत द्वारा स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थी। शबरी पुल पर लगे 34 स्ट्रीट लाइटों में 22 स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी थी, 10 स्ट्रीट लाइटें जल रही थी जिसमें से भी बहुत से स्ट्रीट लाइटों की रोशनी एकदम कम हो गई थी। स्ट्रीट लाइटों के बंद होने के कारण शाम ही शबरी पुल पर अंधेरा छा जाता था। जांजगीर चांपा और बलौदाबाजार जिले को जोड़ने वाले शबरी पुल में रोजाना 24 घंटे हजारों की संख्या में छोटी बड़ी गाड़ियां चलती हैं। शबरी पुल के एक तरफ के हिस्से की मरम्मत हुई है जबकि दूसरे तरफ की अधूरी है। पुल पर जगह जगह गढ्ढे और दरारें नजर आ रही हैं। शबरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने के कारण लगातार हादसे की आशंका बनी हुई थी। अंधेरा होने के कारण लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जबकि शबरी पुल पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई बार इन दुर्घटनाओं में लोगों को अपने परिजनों को भी खोना पड़ता है। लेकिन इस ओर नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे थे।

### पांच बटुकों ब्राम्हणों का मंडप 6 को व उपनयन संस्कार 8 को

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत सिलादेही में पंडित शिव प्रसाद तिवारी के निवास पर पांच बटुकों ब्राम्हणों का उपनयन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 6 जुलाई को मंडप 7 जुलाईको देव पूजन का माता का पूजन एवं 8 जुलाई को उपनयन संस्कार का आयोजन रखा गया है जिसमें आप सब परिवार सादर आमंत्रित हैं जिसके तैयारी में पंडित शिव प्रसाद तिवारी देवकीनंदन तिवारी रमेश कुमार तिवारी श्री रामचंद्र दुबे दिनेश कुमार शुक्ला एवं समस्त ग्राम वासी तैयारी में जुटे हुए हैं।

### आकांक्षा में नि:शुल्क कोचिंग के लिए साक्षात्कार आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा इस जिले के मेधावी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग तैयारी हेतु आकांक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सत्र 2024-25 के लिए परिणामोन्मुख विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इस हेतु मंगलवार 2 जुलाई को प्रातः 11 बजे से साक्षात्कार का आयोजन आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में रखा गया है। जिसमें विषय गणित, जीव विज्ञान, भौतिक, रसायन, के लिए विषय विशेषज्ञों की भर्ती की जावेगी।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है को यह पुरस्कार (एक पदक, प्रमाण-पत्र/प्रशस्ति-पत्र) प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। उपरोक्तानुसार जिले के बच्चों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देने की दृष्टि से अधिक से अधिक योग्य बच्चों को ऑनलाइन नामांकित किया जा सकता है।

### लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 9 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो राज्य के किसी भी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों से न्यूनतम 60 प्रतिशत या समकक्ष ग्रेड से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हुए हो। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 11 वीं में प्रवेश एक प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। वर्ष 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा एवं प्रवेश के संबंध में आवेदन 6 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन वेबसाइट पर आमंत्रित किया गया है। भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार 9 जुलाई तक किया जा सकता है। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 21 जुलाई दिन रविवार प्रातः 11 बजे आयोजित होगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाडी केंन्द्र गुरुनानक 2, दारंग 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए एवं घठोली चौक, चोरिया 7, बम्हनीडीह 5, गिधौरी 2, दारंग 3, अफरीद 2, दुरपा 1 सहायिका पद हेतु 15 जुलाई तक कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह से संपर्क किया जा सकता है। बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाडी केंन्द्र के लिए 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित कर सकते है। इसके बाद जमा हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## शिकायत के बाद भी भारी वाहन पर नहीं लगा प्रतिबंध

# बरसात में फिर डूबेगा जमड़ी नाला का जर्जर पुल, आवागमन होगा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग के मध्य स्थित जमड़ी नाला का जर्जर पुल कब टूट जाय। इसकी कोई गारंटी नहीं है। वहीं बरसात में यह सड़क पूल बाढ़ में डूब जाता है। जिससे आये दिन लोगों का आवागमन बाधित रहता है। इस मार्ग पर भारी वाहनों की दिन रात चलने से सड़क मार्ग फिर से सत्यानाश हो जाएगा।

ग्रामीणों ने इस मार्ग पर भारी वाहन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर से शिकायत कर चुके हैं। फिर भी भारी वाहन पर प्रतिबंध नहीं लगा। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आंदोलन भी कर चुके हैं। बहेराडीह के पूर्व सरपंच मूरित राम यादव ने बताया कि सिवनी सुख़रीकला मार्ग पर सिवनी, चाम्पा, उच्चभिट्ठी, बालपुर, रीवापर, उमरेली, सुख़रीकला, सु ख़ री खु र्द , ना वा पा रा , अमलडीहा, जाटा समेत दर्जनभर गांवो के लोगों का आवागमन इसी मार्ग पर होता है। मगर भारी वाहनों के दिन रात चलने से जमड़ी नाला का सड़क पूल टूटने के कगार पर है और सड़क मार्ग पर बरसात में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर को मुलाकात करके कई बार इस मामले की शिकायत किया है लेकिन भारी वाहन पर प्रतिबंध अभी तक नहीं लगाया गया है। जिससे प्रशासन के प्रति क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।बॉक्स।बदहाली पर आंसू बहा रही सिवनी चाम्पा कोरबा मार्ग।सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग की भांति सिवनी चाम्पा कोरबा मुख्य मार्ग तिलक नगर के पास जगह जगह जानलेवा गड्ढा बन गया है। जिसका मरम्मत कार्य अति आवश्यक है। सड़क मार्ग का डामर उखड़ गई है। पत्थर का बड़ा बड़ा टुकड़ा सड़क पर फैली हुई है और बड़े बड़े गड्ढो पर पानी भरा हुआ है। समय रहते यदि उक्त जर्जर हालत में पड़े सड़क मार्ग का मरम्मत कार्य नहीं कराई जाती है तो कभी भी अप्रिय घटना हो सकता है।


जर्जर हालत में जमड़ीनाला।

### मोहल्ले वासियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर नाली एवं चौड़ीकरण की मांग

**सक्ती।** ग्राम पंचायत टेमर के वार्ड नंबर 8 के निवासियों ने अपनी मोहल्ले की नाली निर्माण कराने के संदर्भ में एवं संकीर्ण गली को चौड़ी कारण करने की मांग को लेकर सक्ति जिला कलेक्टर टोपनो को सोपे ज्ञापन । जिसमे सरोजनी देवांगन, पद्मिनी देवांगन, सेवती पटेल, नोनी भाई देवांगन, जयंती देवांगन, अंजू लता देवांगन संगीता देवांगन, फूलबाई देवांगन, रुकमणी देवांगन,सुनीता देवांगन, मोहल्ले वासियों ने कहा कि मोहल्ले में नाली की व्यवस्था न होने के कारण वश प्रत्येक घर से निस्तारित पानी का बहाव रोड में होने के कारण मालवा एवं कीचड़ का जमवाड़ा बना हुआ है जिससे कि मच्छरों का एवं डेंगू मलेरिया होने की संभावना बढ़ रही है और बरसात के दिनों में पानी का भराव ज्यादा होने के कारण वश और भी तकलीफों का हमें सामना करना पड़ता है जिससे कि हमारे मोहल्ले में नाली निर्माण से पानी सुनिश्चित हो जाएगी एवं आवा गमन के रास्ते भी संकीर्ण होने के कारण आवागमन में भी बहुत ही ज्यादा तकलीफों का सामना करना पड़ता है।



# डाक्टर्स डे: शिविर में 37 यूनिट रक्त का किया दान

## कलेक्टर ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला रेडक्रॉस सोसायटी आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला चिकित्सालय जांजगीर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्तदान किया गया।

कलेक्टर श्री छिकारा ने शिविर का अवलोकन किया एवं चिकित्सकों सहित रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण किया। उक्त रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्तदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार जगत सहित जिला चिकित्सालय डॉक्टर्स एवं स्टाफ उपस्थित थे।



रक्तदान करने पहुंचे युवक को प्रमाण पत्र देते कलेक्टर।

### लीनेस क्लब सक्ती ने डाक्टर्स डे पर किया डाक्टर का सम्मान

**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम 1 संपदा सक्ती क्लब ने 1 जुलाई डाक्टर्स डे पर अध्यक्ष विजया जायसवाल जी के नेतृत्व में सक्ती के हरि अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेश अग्रवाल का शाल श्रीफल एवं बूके भेंट कर सम्मान किया एवं सभी ने डाक्टर्स डे की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डाक्टर राजेश भी सब से मिल खुशी जाहिर की एवं सब ने मिलकर एक बेल का पौधा रोपण किया इस अवसर पर एरिया आफिसर लीनेस डा शालू पाहवा, अनीता सिंह, मंजु जायसवाल,रामकुमार साहू, भगवती देवांगन,गोपी जायसवाल, विनिता जायसवाल,सुमन सिंह, पूनम साहु के साथ साथ अस्पताल के स्टाफ उपस्थित रहे।



डॉक्टर का सम्मान करते लीनेस क्लब पदाधिकारी।

## 70 रक्तदाताओं को किया गया हेलमेट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

डॉक्टर डे के अवसर पर रक्तदान करने वाले 70 रक्तदाताओं को हेलमेट का वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ धीरेन्द्र खुटे के द्वारा डॉ डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन बाराद्वार में किया गया। जहां पर डा धीरेन्द्र खुटे के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान करने वाले को हेल्मेट निःशुल्क दिए लगभग 70 से लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू एवं अतिथि महामंत्री टिकेश्वर गवेल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव ने पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर, अभिषेक शर्मा,गेदराम मनहरण,दीपक ठाकुर, गजेन्द्र राठौर, गोपाल जोशी, सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थे।


रक्तदाताओं को हेलमेट का वितरण करते अतिथि।

## जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- कलेक्टर छिकारा ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को बारिश के मद्देनजर जिले में डायरिया एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिले में डायरिया उन्नमूलन हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली एवं डायरिया के नियंत्रण हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश में नालियों की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पावडर व क्लोरीन की दवा डालने कहा। साथ ही जगह जगह भरे पानी की निकासी की व्यवस्था की करने एवं सड़को की मरम्मत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक के बच्चों हेतु निःशुल्क सहायता योजना अंतर्गत सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं सीजीपीएससी, व्यापम, बैंकिंग जैसी अन्य परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दिया जाएगा। डीएफओ ने जिले में 1 जुलाई से किये जा रहे पौधा वितरण एवं 10 से 16 जुलाई तक आयोजित होने वाले पौध रोपण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 जुलाई से स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान प्रारंभ किया गया है। स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान अंतर्गत आयुष्मान भारत, सघन टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल, एवं मोतियाबिंद एवं दिव्यांगता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से चिन्हांकित दल द्वारा घर-घर भ्रमण कर खोज अभियान अंतर्गत संभावित अथवा स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उनको स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर ने अभियान का सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, बीएमओ, बीपीएम एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारी को निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने खाद-बीज, भंडाराण एवं उठाव की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को खाद-बीज को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद का नियमित रूप से उठाव हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने नवप्रवेशीत स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश देते हुए तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में लंबित जाति प्रमाण पत्र को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर प्रगति लाने कहा।

# खरीफ फसल की तैयारी कर रहे किसान के खेत में बिना किसी सूचना कर दिया गया गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

**खास बात**

- किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ग्राम कोटगढ़ में खरीफ फसल की तैयारी के लिए खेत की जुताई कर धान बोने की तैयारी कर रहे किसान के खेत में किसान को बिना सूचित किया गेल इंडिया के द्वारा सैकड़ो फीट लंबा गड्ढा कर दिए जाने से आहत किसान के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर गेल इंडिया के विरुद्ध कार्रवाई एवं मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की गई है।

इस संबंध में किसान निगम सिंह बैस ने बताया कि ग्राम कोटगढ़ में उसकी निजी जमीन पर खेतीबाड़ी है जिसमें वह खरीफ फसल के लिए अपने खेतों की जुताई कर धन बुवाई का कार्य कर रहा था। वह अपने खेतों को देखने के लिए गया तो उसके होश उड़ गए, उसके खेतों के बीचो-बीच बिना किसी अनुमति एवं सूचना के 4 फीट चौड़ा 6 फीट गहरा एवं सैकड़ो फीट लंबा गड्ढा कर दिया गया है जिससे उसे फसल बुवाई के काम में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के किसानों से पूछने पर उन्होंने बताया कि यह गड्ढा गेल इंडिया लिमिटेड के द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए किया जा रहा है। किसान निगम सिंह बैस के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर गेल इंडिया लिमिटेड के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।


खोदा़ा गया गड्ढा।

## सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का जारी किया जा रहा पीपीओ, जीपीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त उपरांत उनके पेंशन भुगतान आदेश कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में एवं मृत्यु सह सेवानिवृत्ति उपदान भुगतान आदेश प्रदाय किये जाने की पहल की गई। कलेक्टरआकाश छिकारा ने 30 जून 2024 को सेवानिवृत्त होने वाले 17 कर्मचारियों को सोमवार 1 जुलाई पीपीओ और जीपीओ की कॉपी द्वारा प्रदान किया गया।

जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि दिनेश कुमार शर्मा, हैदर अली रिजवी, मन्नू लाल कर्ष, प्रमोद कुमार सिंह बैस, श्रीमती शारदा देवांगन, सुधेश कुमार दुबे, श्रीमती उत्तरा राठौर, किशोर कुमार राठौर, जगदीश प्रसाद कुम्भकार, अशोक कुमार चौहान, कमलाकांत मिश्र, भूपाल सिंह रात्रे, रामकुमार शर्मा, होरी लाल कहरा, श्रीमती चंद्ररेखा पाण्डेय, लक्ष्मी प्रसाद धीवर एवं बुधराम भारते को कलेक्टर ने पीपल एवं बेल के पौधे से सम्मानित करते हुये पेंशन भुगतान आदेश, मृत्यु सह उपदान भुगतान आदेश एवं पेंशन परिचय पत्र प्रदाय किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार पाठक, सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार बरेठ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


कर्मचारियों को कापी प्रदान करते कलेक्टर।

### लायंस क्लब चांपा की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

# सेवा कार्यों से लायंस क्लब ने बनाई विशिष्ट पहचान: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब चांपा लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 - सी का एक वरिष्ठ क्लब है जिसने अपने सेवा कार्यो के अलावा स्थायी गतिविधि के तहत लायंस स्कूल का सफल संचालन कर पूरे डिस्ट्रिक्ट में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। मुझे भी क्लब के कार्यक्रमों में शामिल होकर यहां के सेवाभावी सदस्यों से कुछ नवीन सीखने का अवसर प्राप्त होता है।

उक्ताशय की बाते लायन राजकुमार अग्रवाल ने रविवार 30 जून को रात्रि 8 बजे से लायंस भवन में आयोजित लायंस क्लब चांपा की सत्र 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। समारोह में शपथ ग्रहण अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रीजन चेयर पर्सन राजकुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, लायंस क्लब चांपा अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन तथा सचिव संतोष कुमार सोनी भी मंचस्थ थे। विनोद कुमार अग्रवाल ने फिल्मी गीत की तर्ज पर स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति से उपस्थितों की वाहवाही लूटी। इसके बाद लायंस क्लब चांपा के सचिव संतोष कुमार सोनी ने ध्वज वंदना प्रस्तुत की। इसंतोष कुमार सोनी ने गतवर्ष किये गये जोन चेयरमेन राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में क्लब के पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त किया। राजकुमार अग्रवाल 'उत्सव' ने लायंस क्लब चांपा की सत्र 2024- 25 की नवीन कार्य कारिणी के पदाधिकारियों सहित संचालक मंडल के सदस्यों को पद एवं उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए शपथ दिलायी। मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि इससे स्कूल की प्रतिष्ठा में और भी वृद्धि होगी। अतिथियों ने इस दौरान डॉक्टर्स डे तथा सी.ए. डे की पूर्व संध्या पर नगर के चिकित्सक तथा क्लब के सदस्य डॉ. व्ही.एन. बिरथरे, डॉ. श्रीमती शरद बिरथरे, डॉ. के.पी. राठौर, डॉ. जी.पी. दुबे, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, व्ही.के. पैगवार तथा सी.ए. सुरेश अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस दौरान स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। संचालन बजरंग अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शनसी.ए. सुरेश अग्रवाल ने किया।


समारोह में मंचस्थ लायन पदाधिकारी

## तहसील परिसर में तहसीलदार स्टाफ ने लगाए फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण तहसीलदार एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा तहसील परिसर में पौधा रोपड़ कर उनकी सुरक्षा और रख रखाव करने की बात कहीं। इतना ही नहीं बल्कि तहसीलदार के के जायसवाल ने लोगों से पौधा लगाने की अपील भी किया।

तहसीलदार ने बताया की जिस तरह से मानव जीवन में जल का विशेष महत्व होता है, ठीक उसी प्रकार वृक्ष का भी हम सभी के जीवन में काफी महत्व रखता है। इसके साथ ही वृक्ष होने से बारिश अधीक होती है। जिससे किसानों को खेती करने में पानी की समस्या नही होती साथ ही गर्मी के समय में वृक्ष के नीचे छाया मिलती है। जिससे वातावरण कुलित रहती है इसके अलावा मानव जीवन में सबसे ज्यादा वृक्ष से ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे स्वास्थ के लिए अति आवश्यक होता है। इस बीच तहसीलदार के.के जायसवाल नायब तहसीलदार एस के बरेठ,पटवारी मोहन बनर्जी,रीडर अरविंद यादव,महेंद्र कौशिक एवं समस्त स्टॉफ मौजुद रहे।




मा. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
एवं
श्रीमती कमलेश जागड़े जी
को सांसद
निर्वाचित होने पर
एवं
श्री चंद्रकांत तिवारी जी
को छ.ग. मा. शिक्षा मंडल
के सदस्य बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता
चंद्रकांत तिवारी
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी जांजगीर
रवि पाण्डेय
जनसेवक
प्रवीण दुबे
प्रदेश सहसंयोजक
सहकारिता प्रकोष्ठ
तविन्दर पाल गांधी
जिला कार्यसमिति सदस्य
भाजपा
पम्मी सिंह
सूर्यप्रताप सिंह
भाजपा नेता
विश्वनाथ यादव
महामंत्री
भाजपा मंडल मुलमुला
सुधीर सिंह
भाजपा नेता
सत्यनारायण शर्मा
पामगढ़
संतोषी सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता
धीरेंद्र योगी
वरिष्ठ भाजपा नेता
सौजन्य : सूर्य प्रताप सिंह, जांजगीर-चांपा
फर्म : एस.डी. पैलेस

## खबर संक्षेप



### मकुंदपुर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत मकुंदपुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच श्रीमति करमदेवी कवंर, उपसरपंच श्रीमति शांतिबाई कवंर व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों का तिलक लगाकर धूमधाम से शाला प्रवेश कराया गया। इस दौरान कक्षा पहली से आठवीं में प्रथम स्थान आने वाले बच्चों को टाफी व नगद राशि से सम्मानित किया गया।

### कलार समाज द्वारा किया गया पौधारोपण



**कटघोरा।** कलार समाज सुतर्रा के बैनर तले हाई स्कूल मैदान में 12 नग नीम का पौधा ट्री गार्ड के साथ लगाया गया। साथ ही साथ सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान गांव के सरपंच मनोहर विंध्यराज, बलदेव सिंह पोर्ते, ठंडाराम, योगेश बघेल का सहयोग रहा। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रदीप जायसवाल, उप सरपंच जितेंद्र डिक्सेना, अध्यक्ष संतोष डिक्सेना, ओमप्रकाश डिक्सेना, चुन्नीलाल जायसवाल, विनय डिक्सेना, कामेश डिक्सेना, विकास जायसवाल, रामरतन जायसवाल, अमन जायसवाल उपस्थित रहे। इस मौके पर समाज प्रमुख ओमप्रकाश डिक्सेना ने लोगों को सार्वजनिक जगह में पौधे लगाने की बात कही।

### पौध वितरण कर पूर्व सांसद को दी गई श्रद्धांजलि



**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आहवान किया है कि एक पेड़ मां के नाम लगाएं। इसी ध्येय को लेकर पूर्व सांसद स्व डॉ बंशीलाल महतो के पूण्यतिथि पर शंकर अग्रवाल के दुकान सिविक सेंटर भवानी क्लाथ स्टोर के पास पौधा वितरण कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

### पर्यावरण को पहुंचाया जा रहा नुकसान पीएम सड़क की उड़ रही धज्जियां

**कोरबा।** पाली ब्लॉक के सरायपाली ग्राम पंचायत जंगल के पास भारी मात्रा में रात दिन प्रतिबंधित प्रधानमंत्री सड़क से होकर भारी वाहन ट्रेलरों के माध्यम से राखड़ एक बड़े भूभाग में पाटा जा रहा है। जंगल के पास इस तरह चोरी छिपे राख की डंपिंग करना कहीं ना कहीं जंगल की बेस कीमती जमीन पर भूमाफियाओं की नजर की ओर इशारा कर रही है। जहां जंगल के पास पावर प्लांट की राखड़ पाट कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर राखड़ लोड वाहन चल रहे हैं। भारी वाहन ट्रेलर के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार छुट्टी के दिन से यह राखड़ डंपिंग का कार्य किसी के द्वारा किया जा रहा है। जिसके कारण जंगल में हरे भरे पेड़ पौधों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस जमीन पर चोरी छिपे छुट्टी के दिन राखड़ पटवाने वाला कोई भू माफिया हो सकता है, जहां मौके पर 15 से 20 ट्रेलर में राख डंप वाहन खड़े हुए हैं।

### किशोरी ने जहर खाकर कर ली आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 16 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई है। किशोरी ने किन कारणों के चलते आत्माघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम सिरकी है। यहां निवासरत स्नेहा सेंद्राम 16 वर्ष पिता संतोष सिंह सेंद्राम ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जब परिजनों को ज्ञात हुआ कि उसकी बेटी स्नेहा सेंद्राम ने जहर सेवन कर लिया है तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## श्रमिक संगठनों ने पूर्व की तरह बोनस पर फैसला देने की रखी मांग

# कोलकर्मियों के सालाना बोनस पैटर्न में बदलाव की तैयारी, श्रमिक नेताओं ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की एपेक्स जेसीसी की बैठक कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन पीएम प्रसाद ने किया। बैठक में प्रबंधन ने कोलकर्मियों के सालाना बोनस एक स्कीम के तहत प्रदान किये जाने का प्रस्ताव रखा। परंतु बैठक में उपस्थित सभी यूनियन नेताओं ने संबंधित प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज करते हुए पूर्व की तरह बोनस पर फैसला लेने की बात कही।

इस दौरान कोलकर्मियों के पेंशन व सीपीआरएमएस फंड को मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही सरप्लस क्वार्टर व बायोमीट्रिक अटेंडेंस पर चर्चा हुई। श्रमिक नेताओं ने एपेक्स जेसीसी की नियमित बैठक करने की बात कही। बता दें कि इससे पूर्व एपेक्स जेसीसी की पिछली बैठक वर्ष 2022 में हुई थी। यूनियन नेताओं ने खदान दुर्घटना में मौत होने पर 25 लाख रुपया भुगतान का प्रस्ताव भी कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष रखा। इस पर कोल इंडिया के चेयरमैन श्री प्रसाद ने कोयला मंत्री से चर्चा के पश्चात निर्णय लेने की बात कही है। उन्होंने यूनियन नेताओं के साथ कोयला उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण, प्राप्ति और गुणवत्ता में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही संसाधन के उपयोग, खदानों की क्षमता, उपकरण, मानव संसाधन, लागत, अर्थव्यवस्था व लाभप्रदता को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में प्रबंधन की ओर से कोल इंडिया डीपी विनय रंजन, डीटी डॉ बी वीरा रेड्डी उपस्थित थे. जबकि बीसीसीएल सह इसीएल सीएमडी समीरन दत्ता के अलावा अन्य सभी अनुषंगी कोल कंपनियों के सीएमडी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। वहीं यूनियन नेताओं में बीएमएस से के लक्ष्मा रेड्डी, एचएमएस से नाथूलाल पांडे, एटक से रामेंद्र कुमार, सीटू से डीडी रामनंदन व सीएमओएआइ से सर्वेश सोनी आदि उपस्थित थे।

### ...अब आश्रित पुत्र-पत्नी को मिलेगी नौकरी

कोल इंडिया निदेशक मंडल ने पांच जून 2024 को आयोजित अपनी 466 वीं बैठक में आश्रित/अनुकंपा रोजगार से संबंधित कॉमन कोल कैडर के प्रावधानों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक कोयला अधिकारियों की मृत्यु की स्थिति में अब उनके जीवनसाथी (45 वर्ष से कम आयु के) को प्रतिपूरक नौकरी का विकल्प मिलेगा।

### 18 से 35 वर्ष से कम आयु के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी

अधिकारियों के आश्रितों 18 वर्ष से अधिक या 35 वर्ष से कम आयु के को अनुकंपा नौकरी दी जायेगी। भले ही अन्य आश्रित सदस्य सेवा में हों। यदि मृतक अधिकारियों के जीवनसाथी अनुकंपा रोजगार का विकल्प नहीं चुनते हैं, तो आश्रित पुत्र व पुत्री 18 वर्ष से कम आयु के 18 वर्ष पूरे होने के बाद अनुकंपा नौकरी के लिए पात्र होंगे। उनके नाम लाइव रोस्टर में रखे जायेंगे।

### कोल इंडिया की ओर से जारी कर दी गई है अधिसूचना

गुरुवार को कोल इंडिया के उप महाप्रबंधक कार्मिक (सीपी) राजेश वी नायर के द्वारा इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि कोल इंडिया के मौजूदा प्रावधान के मुताबिक कोल अधिकारियों का यदि आश्रित पहले से ही सेवा में है, तो अतिरिक्त आश्रित के रोजगार पर विचार नहीं किया जाता है।

# कुत्तों ने फिर से चीतल पर किया हमला, गंभीर



घायल चीतल का उपचार करते वनकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वारानी के जंगल में विचरण करने वाले चीतल पर कुत्तों का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गर्मी के सीजन में ऐसे कई चीतलों पर कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया है तो वहीं नया मामला फिर से सामने आया है। जहां पुरैना मड़वारानी में कुत्तों ने चीतल पर हमला कर दिया था जिसे गंभीर अवस्था में उपचार कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के करतला रेंज के अंतर्गत आने वाले मड़वारानी व उसके आसपास बड़े पैमाने पर चीतल व हिरण का बसेरा है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह एक चीतल ग्राम पुरैना में जंगल से भटक कर गांव की ओर पहुंच गया था जैसे ही चीतल पहुंचा कुत्तों ने उसे देख लिया और उस पर हमला कर दिया। जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को खदेड़ा और चीतल को सुरक्षित करने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। जहां गंभीर रूप से घायल चीतल का उपचार पशु चिकित्सक से कराया गया है। हालांकि उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वन विभाग हर वर्ष ऐसे वन्य प्राणियों को बचाने के लिए प्रयास करने की बात तो करता है लेकिन ठोस पहल नहीं होने की वजह से हर वर्ष इस इलाके में आधा दर्जन से अधिक चीतल की मौत हो रही है।

## शिक्षक की डिग्री लेने परीक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा



**कोरबा।** बीएड और डीएलएड की डिग्री के लिए व्यापम द्वारा जिले के 34 परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। दोनों परीक्षाओं में डीएलएल के परीक्षार्थी जहां गणित के सवालों में उलझे रहे, वहीं बीएड के परीक्षार्थियों के सामने व्यवहारिक शिक्षा के प्रश्न उलझाने वाले रहे। दोनों ही परीक्षाओं के लिए अलग अलग परीक्षार्थियों की संख्या थी। बीएड में जहां 11 हजार 981 परीक्षार्थी पंजीकृत थे वहीं डीएलएड के लिए 14 हजार 888 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के बाद डीएलएड व प्री बीएड की परीक्षा रविवार को शहर के 34 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में डीएलएड के परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं बीएड के लिए दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक द्वितीय पाली का समय तय किया गया था। दोनों ही परीक्षाओं को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा के तगड़े प्रबंध थे। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्वयं निर्मला स्कूल पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश होने के पूर्व इस बार परीक्षार्थियों को जांच से गुजरना पड़ा, दस्तावेजों की गहन जांच हुई। प्री डीएलएड के लिए 14 हजार 888 परीक्षार्थियों में से 9 हजार 969 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वहीं 4 हजार 915 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कई परीक्षा केन्द्र ऐसे थे जिसमें उपस्थित छात्रों की संख्या और अनुपस्थित छात्रों से कम थी। इसी तरह द्वितीय पाली में आयोजित प्री बीएड की परीक्षा में 11 हजार 981 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। जिसमें 7 हजार 261 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 4 हजार 720 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों परीक्षओं को मिलाकर 25 हजार से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

### विधायक मरकाम ने दिए 5 पानी टैंकर

**कोरबा।** पाली तानाखार के विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम के द्वारा अपने विधायक निधि से जनपद पंचायत पोंडी उपरोड़ा के 25 जनपद क्षेत्रों को 25 पानी टेंकर देने का निर्णय लिया गया है। उनके निर्णय से क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। श्री मरकाम पाली तानाखार व छत्तीसगढ़ के ऐसे पहले विधायक हैं जो क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए पानी टैंकर वितरण कर रहे हैं। विधायक के हाथों जनपद पंचायत पोंडी उपरोड़ा के प्रांगण में 5 पानी टेंकर को हरी झंडी दिखाकर जनपद क्षेत्रों को वितरण किया गया। विधायक ने कहा है कि शेष पानी टेंकरों को बहुत जल्द वितरण किया जाएगा। उनके सराहनीय कार्य के लिए क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

# सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दो युवकों ने अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया था। मामले की शिकायत सामने आने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कर दिया गया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी सोहेल अली उम्र 31 वर्ष पिता लियाकत अली के विरुद्ध वर्ष 2022 में सोशल मीडिया फेसबुक में अश्लील वीडियो पोस्ट करने का मामला है तो वही ग्राम पुछापारा निवासी जय प्रकाश सारथी उम्र 30 वर्ष पिता देवनारायण सारथी द्वारा भी वर्ष 2023 में सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट वीडियो करने का मामला सामने आया है। सायबर टीप लाइन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने दोनों आरोपियों पर आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों असरोपियों की गिरफ्तारी की तथा दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

# रोजगार की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने घेरा एसईसीएल मुख्यालय, किया प्रदर्शन



**कोरबा।** एसईसीएल सरईपाली कोयला खदान से प्रभावित ग्राम बुड़बुड़, राहाडीह के भूविस्थापितों ने रोजगार की मांग को लेकर एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। भूविस्थापितों ने मुख्यालय के मुख्यद्वार को बंद कर नारेबाजी शुरु कर दी। लगभग 7 घंटे तक भूविस्थापितों का धरना प्रदर्शन जारी रहा जिसके बाद एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों ने भूविस्थापितों को वार्ता के लिए बुलाया जहां भूविस्थापितों के द्वारा जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी मांग दोहराई गई। आखिरकार प्रबंधन ने बैठक आयोजित कर मांगों के निकाराकरण का आश्वासन दिया। वहीं भूविस्थापितों ने मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- सीएमडी कार्यालय के मुख्य द्वार पर 7 घंटे तक जारी रहा धरना प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल कोरबा के महाप्रबंधक जेडएच खान ने प्रथम चरण में मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत 275 खातेदार को रोजगार दिए जाने की जानकारी दी जिसपर सभी ने सहमति दी थी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया था कि नामांकन की प्रक्रिया कैंप लगाकर 20 मार्च 2013 से 26 मार्च 2013 तक पूर्ण कराई जाएगी। नामांकन के दौरान जांच कर भूविस्थापितों को रोजगार पात्रता प्रमाण पत्र भी प्रदान की गई। नामांकन पूर्ण होने एवम सत्यापन पूर्ण होने के बाद एकाएक वर्ष 2016 में रोजगार देने हेतु कोल इंडिया पॉलिसी लागू कर सैंकड़ों भूविस्थापितों को अपात्र कर दिया गया। यही वजह है कि भूविस्थापित जमीन अधिग्रहण के बदले रोजगार की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। जमीन अधिग्रहण के 13 वर्ष बाद भी नौकरी नहीं मिलने से आक्रोशित भूविस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय का घेराव कर दिया। भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन ने वार्ता की पहल की। आखिरकार 7 घंटे से जारी धरना प्रदर्शन के बाद भूविस्थापितों व प्रबंधन के बीच वार्ता शुरु हुई। जिसमें महाप्रबंधक भूराजस्व शरद तिवारी, औद्योगिक संबंध मनीष श्रीवास्तव एवं मेन पावर के अधिकारी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान महिलाओं ने स्पष्ट रूप से यह कहा कि रोजगार देने के नाम पर आपने भूमि ली है। रोजगार देने हेतु सत्यापन कराया है, रोजगार देना पड़ेगा, अन्यथा हमारा यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। वहीं भूविस्थापितों ने डायरेक्टर योजना परियोजना से सप्ताह भर के बीच बैठक में निर्णय नहीं आने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक उपरांत आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। वार्ता के दौरान हेमलाल श्रीवास, परमेश्वर बिंझवार, रूपचंद डिक्सेना, बचन बाई, जेठिया बाई, सन्तोष श्रीवास, नवा अंजोर भूविस्थापित समिति से बृजेश श्रीवास, प्रताप सिंह, सन्तोष राठौर उपस्थित रहे।

### भूविस्थापित महिलाएं करेंगी अर्धनग्न प्रदर्शन

एसईसीएल गेवरा, दीपका, कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित ग्राम के भूविस्थापित महिलाओं ने भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार की मांग को लेकर एसईसीएल सीएमडी मुख्यालय में कारगिल विजय दिवस के दिन अर्धनग्न प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### पौधरोपण कर पूर्व सांसद डॉ बंशीलाल की मनाई जयंती

**कोरबा।** पूर्व सांसद स्व डॉ बंशीलाल महतो के जयंती अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसी कड़ी कोसाबाड़ी मंडल अंतर्गत पोड़ीबहार मुक्तिधाम में भाजपा जिला एवं मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्ष रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अमरूद, कटहल, नीम, आम, आवला सहित कई फलदार एवं उपयोगी वृक्षों के पौधे रोपित किए गए। पौधरोपण के दौरान भाजपा जिला मंत्री संदीप सहगल, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, मीडिया सह प्रभारी पवन सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, मंडल महामंत्री दिनेश वैष्णव, उपाध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

# छप्पर से गिरकर सर्प ने मासूम को डंसा, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश की फुहार पढ़ते ही जमीन पर रेंगने वाले जीव जंतु सक्रिय हो गए हैं। बताया जाता है कि देर रात को एक जहरीला सिर्फ छप्पर से सीधा जमीन पर आ गिरा। जहां बिस्तर पर सो रही एक 3 वर्षीय मासूम को जहरीले सर्प ने डस लिया। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई है।

मामला बालको थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी की है। यहां निवास करने वाले विष्णु प्रसाद निर्मलकर व उनका पूरा परिवार शनिवार की रात भोजन उपरांत सोए हुए थे कि इसी दौरान देर रात को छप्पर पर रेंग रहे एक जहरीला सर्प अचानक सीधे नीचे आ गिरा और बिस्तर पर सो रही विष्णु प्रसाद निर्मलकर की 3 वर्षीय मासूम पुत्री अर्पिता पर आ गिरा जिससे जहरीले सर्प ने अर्पिता को डस लिया जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## महतारी वंदन योजना से महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से मजबूत

**कोरबा।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना से समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार की महिलाएं लाभान्वित होकर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। योजनांतर्गत महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह राशि सीधे अंतरित होने से यह उनके विपरीत परिस्थितियों का सहारा बन गया है। योजना से लाभान्वित हुईं जिले के दादरखुर्द की रहने वाली श्रीमती पूर्णिमा द्विवेदी ने राज्य सरकार की इस कल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के मध्यम व निम्न वर्ग के परिवार के महिलाओं के लिए यह योजना आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। महिलाएं इस योजना से मिलने वाली राशि के उपयोग से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। योजना से महिलाएं निजी जरूरतों, घरेलू आवश्यकताओं व दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुई है। पूर्णिमा ने बताया कि उनके पति कुंज बिहारी द्विवेदी गांव के ही मंदिर में पुजारी है। उनके परिवार में उनके पति सहित दो छोटे छोटे बच्चे है। उन्होंने बताया कि वे एक गृहिणी है और उन्हें पिछले 4 माह से योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे घरेलू खर्चों में करती हैं।

## पत्नी का गला दबाकर हत्या, पुलिस को चकमा देने फांसी पर लटकाई थी लाश

**कोरबा।** लगभग एक माह पूर्व एक नवविवाहिता की फंदे पर लटकती हुई लाश मिली थी। इस मामले में नया मोड़ आया है जहां पुलिस ने इस मामले में पति के खिलाफ ही हत्या का अपराध दर्ज किया है जिसने अपनी पत्नी को घरेलू विवाद के चलते गला दबाकर हत्या कर दी थी और पुलिस को चकमा देने के लिए उसने उसकी लाश को फांसी के फंदे पर लटका दिया था ताकि वह इस घटना से बच सके लेकिन पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते हैं और पुलिस ने आखिरकार इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा की है। यहां निवासरत 28 वर्षीय विवाहिता सुनीता बाई की लाश 10 मई की सुबह फांसी के फंदे में लटकती हुई मिली थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया था और मामले की बारीकी से जांच की जा रही थी। जहां पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सुनीता की गला दबाकर हत्या की गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने उसके पति राजू कुर्रे को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसे उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

## राष्ट्रीय अवार्ड शिक्षक को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन की मांग पर बैठक 7 को

**कोरबा।** राज्य के राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत उत्कृष्ट शिक्षकों को मध्यप्रदेश के समान आउट और टर्न प्रमोशन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों की 7 जुलाई को समय 12:30 बजे रायपुर में चुन्नीलाल शर्मा के निवास में सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों शामिल होंगे। बैठक में दो सूत्रीय मांगों पूरा करने पर चर्चा की जाएगी। राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न पदोन्नति, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति तिथि दो वर्ष की बढ़ोतरी शामिल हैं।

TOP IN JANJGIR




**न्यायालय नायब तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**//ज्ञापन//**
क्रमांक / 1014/तह. / वाचक / 2024
नवागढ़, दिनांक 18/06/2024
रा.प्र.क्र.- 202402065400041/अ-27/2023-24
**ग्राम- सेमरा, प.ह.नं. 13**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगतराम वगै. पिता कलराम चौहान, ग्राम सेमरा, तहसील-नवागढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय रा.प्र.क्र. 202402065400041/अ-27/2023-24 मे पक्षकार मंगतराम वगै० बनाम मोतीराम वगै०, ग्राम सेमरा का खाता विभाजन हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, उक्त प्रकरण मे अनावेदकगण रजिस्टर्ड नोटिस जारी तदोपरांत अनुपस्थित है। अनावेदकगण को एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है। अतः प्रकरण मे फर्द बटवारा के संबंध मे ईश्तहार का दैनिक एवं राष्ट्रीय समाचार पत्र मे प्रकाशन किया जाना है।

जिसमे दावा आपत्ति हेतु ईश्तहार जारी किया गया। जारी ईश्तहार प्रकाशन में दिनांक 15/07/2024 को उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील / मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**नवागढ़**

### आम सूचना

मैं अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार सोनी अपने आसामी श्रीमती बसंती स्वर्णकार पिता स्व. योगेश्वर प्रसाद सोनी निवासी बलौदा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि

मेरे पक्षकारा श्रीमती बसंती स्वर्णकार के पिता स्व. योगेश्वर प्रसाद सोनी की अचल सम्पत्ति ग्राम बलौदा अवस्थित आबादी मकान तथा ग्राम बलौदा में निजी नाम की कृषि भूमि अवस्थित है। मेरे पक्षकारा श्रीमती बसंती स्वर्णकार अपने पिता की एकमात्र पुत्री संतान होकर स्वर्गीय योगेश्वर प्रसाद सोनी की इकलौती वारिसान है।

ज्ञात हुआ है कि कुछेक व्यक्ति स्व. योगेश्वर प्रसाद सोनी की मकान व कृषि भूमि को अपना बताकर बेचने का सौदा कर रहे है जो अवैध व नाजायज है। ऐसा लेन देन न करें तथा जान बूझकर जो अवैध लेन देन करेगा उसे कानूनी कार्यवाहियों का सामना करना पडेगा। इस संबंध में जिस किसी को कोई जानकारी या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो मुझसे संपर्क कर सकते है।
सो सूचना जाने।

**देवेन्द्र कुमार सोनी**
**अधिवक्ता**
**बलौदा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**मो. 8982468545**